तापमान

भोपाल	36.0°	22.8°
इंदौर	37.4°	24.0°
जबलपुर	37.0°	23.0°
ग्वालियर	36.9°	25.6°

दैनिक
नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल: वर्ष 39 अंक 137,पृष्ठ 12)
मंगलवार 16 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... खजुराहो सीट पर एआईएफबी उम्मीदवार को...

खेल... एलेक्ना ने बनाया डिस्कस थ्रो का नया विश्व रिकार्ड...


व्यापार... जनवरी-मार्च तिमाही में कुल बिक्री में सस्ते घरों की...

देश-विदेश... जहाज पर फंसे 17 भारतीयों से जल्द मिल सकेंगे...

www.naiduniaonline.com

अष्टम्-माता महागौरी

श्वेते वृषे समारूढा,श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यात्, महादेवप्रमोददाद।।

खास-खबरें

सेना प्रमुख उज्बेकिस्तान की चार दिन की यात्रा पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे सोमवार को उज्बेकिस्तान की चार दिन की यात्रा पर रवाना हो गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि जनरल पांडे की 15 से 18 अप्रैल तक की चार दिन की यात्रा भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनरल पांडे उज्बेकिस्तान के शीर्ष रक्षा नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे जिसमें उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव, सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख मेजर जनरल खलमुखामेदोव शुखरात गेरेतजानोविच और चीफ ऑफ एयर डिफेंस एंड एयर डिफेंस फोर्सेज मेजर जनरल बुर्खानोव अहमद जमालोविच शामिल होंगे। बैठक में दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत बनाने के बारे में बात की जायेगी। सेना प्रमुख 16 अप्रैल को भारत के दूसरे प्रधानमंत्री दिवंगत लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। जनरल पांडे उज्बेकिस्तान के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक परिदृश्य की जानकारी के लिए टर्मेज संग्रहालय और सुरखंडार्य क्षेत्र के ऐतिहासिक स्मारकों का भी दौरा करेंगे।

राहुल के हेलीकॉप्टर की चुनाव अधिकारियों ने ली तलाशी

नीलगिरी (एजेंसी)। तमिलनाडु के नीलगिरी में निर्वाचन अधिकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर आए एक हेलीकॉप्टर की सोमवार को जांच की। पुलिस ने बताया कि उड़ान दस्ते के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर के यहां उतरने के बाद उसकी तलाशी ली। राहुल केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड जा रहे थे जहां उनका जनसभा को संबोधित करने समेत कई चुनाव प्रचार गतिविधियों में भाग लेने का कार्यक्रम है। वह लगातार दूसरी बार वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं जहां 26 अप्रैल को मतदान होगा।

केरल को भ्रष्ट सरकारों के चंगुल से खुद को बचाने की जरूरतः मोदी

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को केरल पर्यटन की सराहना करते हुए कहा कि इसमें काफी संभावनाएं हैं और उनकी सरकार देश की विरासत को विश्व विरासत पैमाने पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

तिरुवनंतपुरम में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केरल में बड़े पर्यटन स्थलों का समग्र विकास सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने कल अपना संकल्प पत्र लॉन्च किया है। बीजेपी के संकल्प पत्र का मतलब है मोदी की गारंटी। यह मोदी की गारंटी है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। ये मोदी की गारंटी है कि भारत इंफ्रास्ट्रक्चर का विश्वस्तरीय केंद्र बनेगा। यह मोदी की गारंटी है कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करेगा।

मोदी ने कहा कि हमने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्णय लिया है। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी लगभग 10 करोड़ महिलाओं को आईटी, स्वास्थ्य, पर्यटन और खुदरा क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केरल पर्यटन में अपार संभावनाएं हैं। हम वैश्विक पर्यटकों को अपनी विरासत से जोड़ने के लिए

प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी विरासत को विश्व विरासत के पैमाने पर ले जाने का संकल्प लेते हैं। भाजपा केरल में बड़े पर्यटन स्थलों का समग्र विकास सुनिश्चित करेगी। हम केरल में इको-टूरिज्म के नए केंद्र स्थापित करेंगे।नरेंद्र मोदी ने कहा कि होमस्टे के संभावित अवसर हमारे आदिवासी समुदायों के लिए नए रास्ते खोलेंगे। भाजपा होमस्टे व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हमने अपने संकल्प पत्र में समुद्रतट संरक्षण के लिए काम करने का संकल्प लिया है। हमारे इस कदम से केरल के मछुआरों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि मछुआरों की आजीविका, जिसे एलडीएफ और यूडीएफ ने पिछले कुछ वर्षों में बर्बाद कर दिया है, अब हमारे द्वारा संरक्षित की जाएगी। हम मछली पकड़ने के उत्पादन और प्रसंस्करण के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। हम केरल में मछुआरों के परिवारों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाएंगे और उनकी गरिमा की रक्षा के लिए अथक प्रयास करते (शेष पेज 2 पर)

डीएमके और कांग्रेस की विचारधारा तमिल संस्कृति के खिलाफ

वहीं तमिलनाडु में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तमिल नववर्ष के दिन भाजपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया। हमने पिछले 10 वर्षों में तमिलनाडु के विकास के लिए दिन-रात काम किया। दक्षिण भारत में भी चलेगी बुलेट ट्रेन। तमिलनाडु की महिलाएं मोदी को आशीर्वाद दे रही हैं। बीजेपी तमिल भाषा और संस्कृति को पसंद करने वाले लोगों की पहली पसंद बन गई है। हमने अपने घोषणापत्र में तमिल भाषा के वैश्वीकरण की गारंटी दी है। हम तमिल विरासत स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाएंगे। बीजेपी ने दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाने का संकल्प लिया है! डीएमके और कांग्रेस की विचारधारा तमिल संस्कृति के खिलाफ है। चाहे सेनगोल हो या जलीकट्टू, डीएमके और कांग्रेस ने तमिल संस्कृति को उजागर करने वाली हर पहल का विरोध किया है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु के लिए काम करती है क्योंकि वह तमिल (शेष पेज 2 पर)

हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगेः अमित शाह

इंफाल (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह, जो लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मणिपुर के इंफाल में कहा कि आगामी चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं हैं, बल्कि उन लोगों के बीच जो हिंसाग्रस्त राज्य में लोगों को बांटना चाहते हैं और भाजपा, जो इसे बचाना चाहती है। सोमवार को इम्फाल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई कितनी भी कोशिश कर ले-हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे।शाह ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव शुरू हो जायेंगे। हमें मोदी जी को फिर से अपना प्रधानमंत्री बनाना होगा। यह चुनाव बीजेपी और कांग्रेस के बीच नहीं है। बल्कि, यह उन लोगों के बीच है जो मणिपुर को विभाजित करना चाहते हैं और भाजपा, जो मणिपुर की रक्षा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, मोदी ने न केवल भारत को समृद्ध बनाया है बल्कि भारत की सुरक्षा को भी बढ़ाया है। मोदी जी ने 75 वर्षों से उग्रवाद और नक्सलवाद से जूझ रहे पूर्वोत्तर में शांति और सद्भाव लाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिला है। 10 करोड़ गैस सिलेंडर वितरित किये जा चुके हैं। 14 करोड़ परिवारों को नल जल कनेक्शन मिल चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का माननाहै कि पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। भारत विकसीत तब बनेगा जब मणिपुर विकसीत बनेगा।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने मणिपुर में सद्भाव लाने और पूर्वोत्तर से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ विभिन्न शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। हमने पूर्वोत्तर में एएफएसपीए प्रभावित क्षेत्रों को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में मणिपुर में नाकेबंदी थी। उन्होंने उग्रवाद से आंखें मूंदकर मणिपुर की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश रची। मोदी सरकार मणिपुर-म्यांमार सीमा पर बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाएगी। हमने इसके लिए काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने मणिपुर को क्या दिया? 10 साल तक कांग्रेस ने मणिपुर के विकास के लिए 39,000 करोड़ रुपये आवंटित किए। वहीं, मोदी जी ने इसे 4 गुना बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये आवंटित किये। मणिपुर के लिए 1,20,000 करोड़..।

भारत के पास दुश्मन के इलाके पर हमला करने की ताकतः राजनाथ

श्रीनगर (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के अधिकांश देश कोविड के संकट से प्रभावित थे। भारत की हालत तो ये थी कि यहां पर कोविड के संकट से निजाद दिलाने के लिए हमारे पास वैक्सीन नहीं थी। आज मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भारत में शायद ही ऐसा कोई नागरिक हो जिसे कोविड की दो या तीन डोज नहीं लगी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर मोर्चे पर दुनिया का सबसे मजबूत देश बनकर उभरा है। हमने 28 सितंबर को सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए अपनी ताकत साबित की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस जैसे क्षेत्रीय दलों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए अनुच्छेद 370 का दुरुपयोग किया। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि मैंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की कश्मीर में बर्फ से खेलते हुए तस्वीरें देखीं।

अब अयोध्या से लेकर अरब तक मंदिर बन गए हैं, ये मोदी है तो मुमकिन हैः डॉ यादव

भोपाल(काप्र)। श्रीरामलला 500 वर्षों तक खुले आसमान के नीचे बैठे रहे। कांग्रेस श्रीराम के मंदिर निर्माण में हमेशा से अड़ंगा लगाती रही। हिन्दू.मुसलमान को लड़ाती रहीए ताकि मंदिर का निर्माण नहीं हो। कांग्रेस पार्टी मंदिर के नाम पर वर्षों तक वोट मांगती रही, लेकिन इसे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार ने मुमकिन करके दिखाया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर भगवान को गर्भगृह में विराजमान कराया। अब वे गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। इतना ही नहीं अब तो अयोध्या से लेकर अरब तक मंदिरों का निर्माण हो गया है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। डॉण् यादव ने पार्टी प्रत्याशी जयवीर सिंह के साथ मैनपुरी लोकसभा के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री (शेष पेज 2 पर)

कमलनाथ के घर पहुंची पुलिस मिगलानी के खिलाफ एफआईआर

छिंदवाड़ा (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के घर बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची है। जहां कमलनाथ के निजी सचिव के साथ पूछताछ की जा रही है। पुलिस का यह एक्शन बीजेपी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की शिकायत पर हुआ है। साहू ने कमलनाथ के निजी सचिव आरके मिगलानी पर आरोप लगाया है कि मिगलानी ने उनका कूटरचित आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के लिए पत्रकारों को 20 लाख रुपए का प्रलोभन दिया था। जिसको लेकर साहू ने पुलिस से शिकायत की। बीजेपी प्रत्याशी की शिकायत के बाद पुलिस एक्शन में दिखी। जिसके बाद पुलिस कमलनाथ के घर उनके निजी सचिव से पूछताछ के लिए पहुंच गई। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस कुछ भी बोलने से बच रही है। इससे पहले बीजेपी प्रत्याशी लिखित शिकायत के साथ छिंदवाड़ा पुलिस के पास पहुंचे। जहां उन्होंने कमलनाथ के निजी सचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।बीजेपी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने अपनी शिकायत में कहा कि रविवार रात सुदेश नागवंशी नामक एक शख्स ने एक शिकायत दर्ज कराई कि सचिन गुप्ता और कमलनाथ के निजी सचिव आरके मिगलानी ने एआई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए उनका एक फर्जी वीडियो बनाया।

मुंबई पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई

मुंबई (एजेंसी)। सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद मुंबई पुलिस भी हरकत में आ गई है। यही वजह है कि सलमान की सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है। जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस ने सलमान ख़ान की सुरक्षा में पुलिस की संख्या बढ़ाई है। मुंबई पुलिस द्वारा सलमान खान को फिलहाल वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। इसी के तहत पुलिस बल को भी बढ़ाया गया है। इसके अलावा लोकल पुलिस का भी सर्विलांस बढ़ाया गया। सलमान खान के घर के बाहर रविवार सुबह गोली चलाए जाने की घटना सामने आई है।

प्रधानमंत्री किसी भी पार्टी का हो, वो देश का नेता है...

उन्हें कैसे अपमानित कर सकते हैंः जयशंकर

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगामी लोकसभा चुनावों से लेकर बीजेपी के मेनिफेस्टो और दक्षिण भारत में पार्टी की स्थिति आदि कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने बात करते हुए कहा कि कांग्रेस को डर है कि हम 400 से अधिक सीटें ले आएंगे लेकिन अगर ऐसा हुआ तो हम इसका इस्तेमाल संकल्प यात्रा और देश के विकास के लिए करेंगे। देश का प्रधानमंत्री चाहे किसी भी पार्टी का हो, वो देश का नेता है। आप उन्हें कैसे अपमानित कर सकते हैं? हम संविधान पर भरोसा करते हैं।

उन्होंने कहा कि अब देश बड़ी चुनौतियों से सुरक्षित है। मोदी सरकार में मेरे पास ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके पास दम है। अगर हमें रूस से तेल नहीं मिलता तो आज आप सभी को इंधन के लिए अधिक भुगतान करना पड़ता। हम किसी भी तरह से अन्य देशों के साथ अच्छे संबंध बनाते हैं। हमें इसी तरह कई सारे सही फैसले लेने चाहिए और इसलिए आपको मोदी को वोट देना (शेष पेज 2 पर)

आप विधायक अमानतुल्लाह को ईडी के सामने पेश होने का आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान की अध्यक्षता के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को मामले में 18 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे ईडी के सामने पेश होने को कहा। पीठ ने मामले के गुणदोष के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के 11 मार्च के फैसले में की गई कुछ टिप्पणी से असहमति जतायी और कहा कि इसका मामले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। खान ने मामले में अग्रिम जमानत के लिए उनकी अर्जी एक मार्च को निचली अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था।

आज मुख्य लड़ाई आरएसएस की विचारधारा के खिलाफः राहुल

वायनाड (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड में आज रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह विचार लोगों का अपमान है कि भारत में केवल एक ही नेता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अंग्रेजों से आजादी सिर्फ आरएसएस की विचारधारा का औपनिवेश बनने के लिए नहीं मिली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भारतीयों की बात सुनना चाहती है; उनकी मान्यताओं, भाषा, धर्म, संस्कृति से प्यार और उनका सम्मान करना चाहती है। राहुल ने कहा कि आज मुख्य लड़ाई आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ है। भाजपा के लोग, प्रधान मंत्री, वे कहते हैं एक राष्ट्र, एक लोग, एक भाषा, एक नेता भाषा कोई ऐसी चीज नहीं है जो ऊपर से थोपी गई हो। भाषा वह चीज़ है जो व्यक्ति के अंदर से, व्यक्ति के हृदय के अंदर से निकलती है।

स्पेशल खबर *देश को काले धन की तरफ धकेला, हर कोई पछताएगा,मोदी ने कहा...*

चुनावी बॉन्ड स्कीम पर विपक्ष ने फैलाया झूठ

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी चंदे की स्कीम यानी इलेक्टोरल बॉन्ड को खत्म कर दिया है। विपक्षी दल इसे मुद्दा बना रहे हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर बयान दिया है।

मोदी ने विपक्षी दलों पर चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण आपको मनी ट्रेल का पता चल रहा है। किस कंपनी ने पैसा दिया? उन्होंने पैसे



किसे दिया? पैसा कहां दिया? इन सवालों के जवाब मिल पा रहे हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि जब विपक्षी दल ईमानदारी से सोचेंगे, तो हर किसी को पछतावा होगा। जो लोग डेटा पब्लिक होने को लेकर हल्ला मचा रहे हैं, उन्हें बाद में अफसोस होगा। उन्होंने देश को काले धन की तरफ धकेला है। मोदी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए खास इंटरव्यू में ये बातें कही।

मोदी ने कहा कि 2014 के पहले भी चुनावों में खर्चा होता था। तब कौन-सा पैसा कहां से आया और किसने खर्च किया, इसकी जानकारी नहीं मिलती थी। कोई भी सिस्टम परफेक्ट नहीं होता। कमियों को सुधारा (शेष पेज 2 पर)

अदालत ने केजरीवाल और कविता की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और के. कविता की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने अगली सुनवाई 23 अप्रैल को उन्हें फिर वर्चुअल माध्यम से पेश करने का ईडी को निर्देश दिया। श्री केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था।